दिन– सोमवार दिनांक– 17 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. राज्य सरकार ने महाकुम्भ मेले में बढ़ती भीड़ को देखते हुये लोगों को फिलहाल कुछ दिनों के लिए कुम्भ यात्रा नहीं करने की सलाह दी। रेलवे स्टेशनों पर बढ़ाई गयी सुरक्षा व्यवस्था।

02. भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, एनएचएआई ने पटना–बेतिया राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या एक सौ उनतालीस डब्ल्यू के निर्माण को मंजूरी दी।

03. बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा आज से शुरू हो रही है। लगभग सोलह लाख परीक्षार्थी हो रहे हैं शामिल।

04. और, प्रदेश के मौसम में एक बार फिर हुआ बदलाव। अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से ऊपर।

————————————————————

राज्य सरकार ने लोगों से फिलहाल कुछ दिनों के लिए कुम्भ यात्रा का कार्यक्रम नहीं बनाने की अपील की है। मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने कहा कि अभी राज्य के सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर कुम्भ जाने वाले यात्रियों की अत्यधिक भीड़ के कारण अफरा–तफरी की स्थिति बन रही है। उन्होंने लोगों से भीड़ कम होने के बाद यात्रा का कार्यक्रम बनाने की अपील की है। इधर, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ के बाद राज्य के सभी प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने रेलगाड़ियों में बढ़ती भीड़ को देखते हुये विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर दिशा–निर्देश जारी किया है। एडीजी रेलवे को सभी स्टेशन पर भीड़ नियंत्रण के उपाय करने, चौबीसों घंटे सीसीटीवी चालू रखने और जीआरपी थानों को चौकस रहने के निर्देश दिये गये हैं। रेलगाड़ियों के आगमन और प्रस्थान के समय विशेष रूप से चौकसी बरतने को कहा गया है। ध्वनि विस्तारक यंत्रों की मदद से यात्रियों को पल–पल की सटीक जानकारी देने को कहा गया है। इसके अलावा ट्रेनों का शीशा तोड़ने और हंगामा करने वालों की पहचान कर तुरंत गिरफ्तार करने के निर्देश दिये गये हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

————————————————————

इधर, पटना जंक्शन पर भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। आरपीएफ के वरिष्ठ कमांडेंट प्रकाश कुमार पांडा ने कहा कि स्टेशन पर अतिरिक्त सौ रेलवे कर्मचारियों को तैनात किया गया है।

———बाईट———

———————————————————————

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई दुर्घटना में मारे गए अठारह लोगों के परिजनों को दस–दस लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी गई है। भारतीय रेलवे ने एक वक्तव्य में कहा है कि गंभीर रूप से घायल तीन यात्रियों को ढाई–ढाई लाख रुपए दिए गए हैं। साधारण रूप से घायल बारह लोगों को एक–एक लाख रुपए दिए जा चुके हैं। रेलवे शेष दो घायलों को वित्तीय सहायता देने की प्रक्रिया में है। अब तक कुल एक सौ पंचानवे लाख रुपए से अधिक की अनुग्रह राशि दी जा चुकी है। कुल पन्द्रह घायल यात्रियों में से ग्यारह यात्रियों को उचित चिकित्सा उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है और चार यात्री अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं।

———————————————————————

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, एनएचएआई ने पटना–बेतिया राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या एक सौ उनतालीस डब्ल्यू के निर्माण को मंजूरी दे दी है। एक सौ इकहत्तर किलोमीटर से अधिक लम्बी इस सड़क के निर्माण पर आठ हजार छह सौ साठ करोड़ रूपये से अधिक की लागत आयेगी। इस बहुप्रतीक्षित परियोजना से उत्तर बिहार, सीमांचल और उत्तर प्रदेश से पटना आने–जाने वाले यात्रियों को काफी सुविधा मिलेगी। यह हाई–वे पटना, सारण, वैशाली, मुजफ्फरपुर, पूर्वी चम्पारण तथा पश्चिमी चम्पारण जिले को जोड़ेगा।

———————————————————————

राज्य के चार शहरों मुजफ्फरपुर, दरभंगा, गया और भागलपुर में मेट्रो परिचालन से जुड़ी सर्वे रिपोर्ट संबंधित कम्पनी ने नगर विकास विभाग को सौंप दी गयी है। सर्वे रिपोर्ट में चारों शहरों में मेट्रो रूट की लम्बाई तथा स्टेशन की जानकारी दी गयी है। रिपोर्ट के अध्ययन के बाद अब विस्तृत कार्य योजना बनाने का काम शुरू होगा।

———————————————————————

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा आज से शुरू हो रही है। इस बार लगभग सोलह लाख परीक्षार्थी परीक्षा में भाग लेंगे। इनमें आठ लाख अठारह हजार छात्राएं हैं। एक हजार छह सौ सतहत्तर परीक्षा केन्द्रों पर पच्चीस फरवरी तक दो पालियों में परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। और ब्यौरा हमारी संवाददाता से–

———बाईट———

पहली पाली की परीक्षा नौ बजकर तीन मिनट से शुरू होगी। परीक्षा केन्द्रों पर विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाने लगा है। बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से तीस मिनट पहले तक ही परीक्षा भवन में प्रवेश दिया जायेगा। परीक्षार्थियों को जूता–मोजा पहनकर आने पर रोक रहेगी। परीक्षा केन्द्र का गेट बंद होने के बाद दीवार फांदकर प्रवेश करना आपराधिक कृत्य माना जायेगा। परीक्षा केन्द्रों के आस–पास निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी हैं। बोर्ड ने मैट्रिक परीक्षा को लेकर पटना में एक कंट्रोल रूम की स्थापना

की है। इसका नम्बर है– **शून्य छह एक दो दो दो तीन दो दो पांच सात और शून्य छह एक दो दो दो तीन दो दो दो सात।** इन दोनों नम्बरों पर किसी भी प्रकार की सहायता के लिए सम्पर्क किया जा सकता है।

समाचार कक्ष में सविता पारीक।

इधर, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है और उन्हें बेहतर परीक्षा के लिए शुभकामना दी।

———————————————————————

प्रदेश में इस वर्ष चार लाख से अधिक किसानों से उनतालीस लाख मीट्रिक टन से अधिक धान की सरकारी खरीद हुई है। सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों ने विभागीय मंत्री प्रेम कुमार को यह जानकारी दी। यह निर्धारित लक्ष्य से तेरह प्रतिशत कम है। हालांकि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार इक्कीस प्रतिशत अधिक धान की खरीद हुई है।

———————————————————————

प्रदेश के एक लाख सड़सठ हजार से अधिक किसानों के बैंक खाते में आज फसल सहायता योजना की राशि भेजी जायेगी। यह राशि वर्ष दो हजार बाईस–तेईस के रबी मौसम की क्षतिपूर्ति राशि है। किसानों के निबंधन आंकड़ों में विसंगति के चलते इस राशि का भुगतान लम्बित था।

———————————————————————

कृषि विभाग ने खर्च की राशि में अनियमितता पाये जाने पर पटना, किशनगंज और गोपालगंज के जिला कृषि पदाधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। प्रधान महालेखाकार कार्यालय– लेखा परीक्षा की ओर से राशि निकासी और उसे रखने को लेकर आपत्ति की गयी है।

———————————————————————

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश के मौसम में एक बार फिर बदलाव हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य का औसत न्यूनतम और अधिकतम तापमान सामान्य से ऊपर बना हुआ है। विभाग ने कहा है कि यह समय गेहूँ के पटवन के लिए उपयुक्त है। किसानों को जल्द से जल्द गेहूँ के फसल की सिंचाई की सलाह दी गयी है।

———————————————————————

अब खबरें महाकुम्भ से.....

———म्यूजिक———

आज महाकुम्भ का छत्तीसवां दिन है। अब तक तिरेपन करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने गंगा, यमुना और सरस्वती के पवित्र संगम त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगायी है। कल रविवार होने के कारण महाकुम्भ मेले में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी

गयी। इधर, मेला प्रशासन ने आम श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी तरह के पास रद्द कर दिये हैं।

———म्यूजिक———

————————————————————————————

आज भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की सैंतीसवीं पुण्य तिथि है। इस अवसर पर पटना में आयोजित मुख्य राजकीय समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य कर्पूरी ठाकुर को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इस अवसर पर जदयू प्रदेश कार्यालय में भी कर्पूरी चर्चा का आयोजन किया जायेगा।

इधर, कल जगजीवन राम संसदीय अध्ययन और राजनीतिक शोध संस्थान द्वारा प्रकाशित पुस्तक **लोकतंत्र के कबीर भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर** का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधान परिषद के उप सभापति प्रोफेसर राम वचन राय और जदयू के वरिष्ठ नेता मनीष वर्मा समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

————————————————————————————

स्नातक के नये शैक्षणिक सत्र के एक समेस्टर में पर्यावरण विज्ञान की पढ़ाई अनिवार्य रूप से करवायी जायेगी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने इस संबंध में सभी विश्वविद्यालय के कुलपतियों और राज्य के शिक्षा सचिवों को पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के आलोक में स्नातक के पाठ्यक्रम में पर्यावरण विज्ञान को शामिल किया गया है।

————————————————————————————

परिवहन विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा अभियान दो हजार पच्चीस के लिए आज से राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। पटना के अधिवेशन भवन में परिवहन मंत्री शीला कुमारी इस कार्यक्रम की शुरूआत करेंगी। परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के मकसद पर आधारित डाक्यूमेंट्री का प्रदर्शन किया जायेगा।

————————————————————————————

स्वास्थ्य विभाग नव विवाहित जोड़ों को परिवार नियोजन के प्रति जागरूक करने के लिए नई पहल किट उपलब्ध करा रहा है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इस किट में परिवार के समग्र विकास की थीम पर आधारित आवश्यक सामग्री शामिल की गयी है।

————————————————————————————

जमुई जिले के झाझा थाने के बलिया डी गांव में कल कुछ लोगों पर पथराव की घटना के बाद तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी और एसपी घटना स्थल पर कैंप कर रहे हैं। संवदेनशील स्थानों पर दंडाथिकारी की तैनाती की गई है। वहीं जिले में अगले आदेश तक इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं।

————————————————————

पटना के रामकृष्णनगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत न्यू जगनपुरा से पुलिस ने छह साईबर ठगों को गिरफ्तार किया है। इनमें से पांच साईबर ठग कर्नाटक के हैं।

————————————————————

सुपौल के प्रतापगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत इमामपट्टी आदिवासी टोला में शराब कारोबारियों के खिलाफ छापेमारी करने पहुंची पुलिस टीम पर महिलाओं ने ईंट—पत्थर से हमला कर दिया। हमले में थानाध्यक्ष समेत ग्यारह पुलिसकर्मी घायल हो गये।

————————————————————

बिहारशरीफ सदर अस्पताल में एक प्रसूता की मौत के बाद हुये हंगामे में पांच लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है।

————————————————————

बक्सर जिले के राजपुर थाना क्षेत्र के पलियां गांव के पास एक पानी भरे गड्ढे में तेज रफ्तार मोटरसाईकिल के पलट जाने से दो युवकों की मौत हो गयी।

————————————————————

अररिया जिले के जोकीहाट थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक ट्रक से दो हजार दो सौ पचहत्तर लीटर शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है— दिल्ली भगदड़ में बिहार के ग्यारह लोगों की मौत।

दैनिक जागरण ने इसी खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है— मृतकों में समस्तीपुर और नवादा के तीन—तीन, सारण, बक्सर, वैशाली, मोतिहारी और पटना के एक—एक।

प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बयान को प्रमुखता देते हुये लिखा है— बिहार में डर का माहौल खत्म हो गया है। अब शांति और भाईचारा है।

दैनिक भास्कर ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है– राज्य के विश्वविद्यालयों में लड़के ज्यादा हैं, लेकिन टॉपर लिस्ट में लड़कियां अधिक।

राष्ट्रीय सहारा ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से लिखा है– कार्यस्थल पर सीनियर की फटकार, इरादतन अपराध नहीं।

आज अखबार समेत सभी समाचार पत्रों ने मैट्रिक परीक्षा से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. राज्य सरकार ने महाकुम्भ मेले में बढ़ती भीड़ को देखते हुये लोगों को फिलहाल कुछ दिनों के लिए कुम्भ यात्रा नहीं करने की सलाह दी। रेलवे स्टेशनों पर बढ़ाई गयी सुरक्षा व्यवस्था।

02. भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, एनएचएआई ने पटना–बेतिया राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या एक सौ उनतालीस डब्ल्यू के निर्माण को मंजूरी दी।

03. बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा आज से शुरू हो रही है। लगभग सोलह लाख परीक्षार्थी हो रहे हैं शामिल।

04. और, प्रदेश के मौसम में एक बार फिर हुआ बदलाव। अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से ऊपर।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर बाद तीन बजकर दस मिनट पर प्रसारित किया जायेगा।